



# किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का चक्काजाम

**27 00 रुपए प्रति क्विंटल के वादे पर सवाल उठाया**

**60 00 रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन पर भी छल**

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 7 मई. किसानों के साथ कथित अन्याय, न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पर अपर्याप्त खरीदी और कृषि उपज के उचित दाम नहीं मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस ने गुरुवार को मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन और तेज कर दिया. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्यभर में व्यापक 'चक्काजाम' आंदोलन आयोजित किया गया, जिसमें मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग ( एनएच-3 ) सहित कई प्रमुख मार्गों को जाम किया गया.**

## आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि आंदोलन में प्रदेशभर से लाखों किसान और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए. पार्टी के अनुसार लगभग 747 किलोमीटर क्षेत्र में हुए इस आंदोलन में सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भागीदारी की.

मुरैना में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह और विधायक हेमंत कटारे आंदोलन में शामिल हुए. ग्वालियर में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह और कांग्रेस सह-प्रभारी संजना जाटव ने संभागीय विधायकों के साथ प्रदर्शन का नेतृत्व किया.

शिवपुरी में पूर्व मंत्री के.पी. सिंह और प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र सिंह आंदोलन में मौजूद रहे, जबकि गुना में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया. शाजापुर में आयोजित प्रमुख प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह-प्रभारी संजय दत्त, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य मीनाक्षी नटराजन, विधायक महेश परमार और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा शामिल हुए.

इंदौर में भी जीतू पटवारी ने सह-प्रभारी उषा नायडू के साथ आंदोलन में भाग लिया. वहीं खलघाट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सह-प्रभारी रणविजय सिंह लोचव, पूर्व मंत्री बाला बच्चन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन यादव सड़क जाम आंदोलन में शामिल हुए.

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने भाजपा सरकार पर किसानों की आवाज दबाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान अब जागरूक हो चुका है और अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आया है.

**सरकार किसान संकट के प्रति संवेदनशील नहीं है**

उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की आवाज उठाने पर यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, तो कार्यकर्ता जेल जाने के लिए भी तैयार हैं. आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव और प्रतीकात्मक तालाबंदी आंदोलन भी किया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य और खरीदी व्यवस्था की अव्यवस्थाओं के कारण किसान अपनी फसल सड़क पर फेंकने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस संकट के प्रति संवेदनशील नहीं है. भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए सिंघार ने कहा कि सत्तारूढ़ दल मध्य प्रदेश के किसानों की समस्याओं से ज्यादा पश्चिम बंगाल की राजनीति में व्यस्त दिखाई देता है. उन्होंने कहा कि किसान सरकार की कार्यशैली को देख रहा है और समय आने पर राजनीतिक जवाब भी देगा.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले किसानों से किए गए 'मोदी गारंटी' के वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि गेहूं की खरीद 2700 प्रति क्विंटल के वादे का क्या हुआ. पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार सीमित मात्रा में ही खरीद कर रही है, जिससे किसान अपनी उपज खुले बाजार में कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा कि धान के लिए 3100 प्रति क्विंटल और सोयाबीन के लिए 6000 प्रति क्विंटल देने के वादे भी किसानों के साथ छल साबित हुए हैं. पटवारी का आरोप था कि किसानों की आय बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि प्रदेश का बड़ा किसान वर्ग आज भी कर्ज में डूबा हुआ है. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को पंचायत स्तर तक विस्तारित किया जाएगा.

# ओएचई में खराबी, दो ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित


▶ भोपाल मंडल में रेल यातायात प्रभावित

**भोपाल, 07 मई. पमरे के भोपाल मंडल के घाटीगांव-मोहाना सेक्शन के मध्य ओएचई ( ओवरहेड इक्विपमेंट ) में तकनीकी खराबी के कारण गुरूवार को रेल यातायात प्रभावित हुआ है. यात्रियों की सुविधा एवं ट्रेनों के सुचारु संचालन के लिए दो ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने की अनुमति प्रदान की गई है -**

▶ **गाड़ी संख्या 19326 अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस**
**परिवर्तित मार्ग** : ग्वालियर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना-गुना-मक्सी होकर जाएगी.

▶ **गाड़ी संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन.**
**परिवर्तित मार्ग** : वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना-गुना-मक्सी होकर संचालित की जाएगी.

रेल प्रशासन द्वारा संबंधित स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली एवं एसएमएस के माध्यम से यात्रियों को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है. रेल यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन 139 अथवा एनटीईएस से प्राप्त कर लें.



# आरपीएफ महानिदेशक ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

उज्जैन में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ मेला 2028 की तैयारियों के संबंध में नर्मदा क्लब में सुरक्षा सम्मेलन एवं डीआरएम कार्यालय सभागृह में उच्चस्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में सिंहस्थ मेले के दौरान संभावित भारी यात्री आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं तथा प्रभावी भीड़ प्रबंधन को लेकर रेल सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा द्वारा डीआरएम पंकज त्यागी की उपस्थिति में एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई.

कार्यक्रम में रेल सुरक्षा बल की महानिदेशक सोनाली मिश्रा, महानिदेशक रेल लखनऊ, विशेष पुलिस महानिदेशक रेल भोपाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन, रेल सुरक्षा बल के पश्चिम मध्य रेल, उत्तर मध्य रेल, पूर्व रेल एवं कोंकण रेल के महानिरीक्षक, अपर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल सहित रेलवे, पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

संगोष्ठी के उपरांत महानिदेशक सोनाली मिश्रा द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ मेला 2028 में संभावित भारी यात्री भीड़ के सुगम आवागमन एवं प्रभावी भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से स्टेशन परिसर में विकसित किए जा रहे होल्डिंग एरिया एवं अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# नकली सोना गिरवी रख लाखों का लोन लेने वाले दो युवक गिरफ्तार

▶ गोल्ड लोन कंपनी में मिलावटी सोना रखकर की थी धोखाधड़ी

**भानपुरा.** क्षेत्र में गोल्ड लोन के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. नकली एवं मिलावटी सोना असली बताकर गोल्ड लोन कंपनी से लाखों रुपए का लोन लेने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मामले में कंपनी कर्मचारी की शिकायत पर भानपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सेल्वम कुप्पन पिता कुप्पन (43) निवासी तमिलनाडु ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि आशीर्वाद गोल्ड लोन कंपनी में दो युवकों ने पहले मिलावटी सोना गिरवी रखकर करीब 7 लाख रुपए का लोन प्राप्त किया था.

# हेलमेट जागरूकता अभियान तेज, कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित




▶ यातायात पुलिस ने आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 मई। जिले में चल रहे हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत थाना यातायात सिंगरौली द्वारा बैढ़न और विंध्यनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान 26 अप्रैल से 10 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।**

यातायात पुलिस टीम ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि हेलमेट न केवल चालक की सुरक्षा करता है, बल्कि परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिकारियों ने समझाइश दी कि हेलमेट पहनते समय उसकी स्ट्रिप अच्छी तरह से बांधना जरूरी है । सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि हेलमेट का उपयोग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। आम जनता से अपील की गई है कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके।

# खरीफ फसलों के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**सिंगरौली 7 मई।** उप संचालक कृषि ने अवगत कराया है कि प्रदेश में खरीफ फसलों की बोनी की तैयारियों के मद्देनजर खाद का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित कर लिया गया है। वर्तमान में राज्य के पास लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके और 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। खाद की यह उपलब्धता सोसायटियों, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रों और निजी दुकानों पर ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ट्रैक की जा सकती है।

# किसानों को गुमराह कर रहे हैं जीतू : चावड़ा

## आंदोलन को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को घेरा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 मई. भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कांग्रेस के किसान चक्काजाम आंदोलन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि यह चक्काजाम किसानों को गुमराह करने के साथ-साथ प्रदेश का माहौल खराब कर रही है.**



उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी छवि बनाने के लिए किसानों और आम जनता को परेशान कर रहे हैं. कांग्रेस को किसानों के हित की चिंता करने से पहले अपने शासनकाल की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए, जब किसानों पर गोलियां चलाई गईं और उन्हें 18 प्रतिशत तक ब्याज वसूला गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं. वे स्वयं गेहूं खरीदी केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं. भाजपा सरकार हमेशा किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी. चावड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा दिया है, यही कारण है कि जनता लगातार उसे नकार रही है और कांग्रेस को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा. कांग्रेस को आंदोलन और भ्रम फैलाने की राजनीति छोड़कर सरकार के साथ मिलकर किसानों के हित में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में निरंतर और ठोस कार्य किए हैं, जबकि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में कर्जमाफी के झूठे वादों ने किसानों को डिफॉल्टर बना दिया. भाजपा सरकार ने किसानों के ऋण का लगभग 2800 करोड़ रुपये का भुगतान कर उन्हें राहत दी, गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाया और किसानों को एमएसपी पर बोनस प्रदान किया.

इसी प्रकार प्रदेश के सभी संभागों में कांग्रेस के आंदोलन को लेकर मप्र शासन के मंत्री, सांसद एवं पार्टी प्रवक्तागणों ने पुरजोर विरोध जताते हुए प्रतिक्रियाएं दी. इंदौर में प्रदेश शासन के मंत्री तुलसीराम सिलावट, सागर में प्रदेश शासन के मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, छिंदवाड़ा में सांसद विवेक बंटी साहू, उज्जैन में प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र भारती, मंदसौर में प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया, ग्वालियर में प्रदेश प्रवक्ता व विधायक घनश्याम पिरोनिया, जबलपुर में प्रदेश प्रवक्ता व विधायक नीरज सिंह लोधी ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी.



# जनगणना कार्य की प्रगति के लिए एडीएम ने क्षेत्रों का किया भ्रमण

▶ जनगणना कार्य की प्रगति एवं सटीकता सुनिश्चित करने प्रशासनिक अधिकारियों ने किया वार्डों का सघन निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 मई। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी जनगणना अभियान के अंतर्गत जिले में जनगणना कार्यों की सुचारू प्रगति एवं जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न वार्डों एवं गृह सूचीकरण खंड क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना तथा क्षेत्र स्तर पर सामने आ रही तकनीकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा। निरीक्षण दल का नेतृत्व अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रभाव शंकर त्रिपाठी, जिला जनगणना अधिकारी प्रिया त्रिपाठी एवं सहायक जिला जनगणना अधिकारी संजीव पांडेय द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों में प्रगणकों द्वारा किए जा रहे गृह सूचीकरण खंड कार्यों की बारीकी से जांच की तथा क्षेत्रीय कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने ऑनलाइन आंकड़ा समन्वयन एवं पोर्टल पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि अथवा आंकड़ों में विसंगति न होने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान नगर जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह एवं जोन जनगणना अधिकारी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे और उन्होंने तकनीकी बिंदुओं पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सर्किल क्रमांक 19 के पर्यवेक्षक सुशील यादव, विनोद कुमार प्रजापति एवं अधिकारी गोविंद चौरसिया ने अधिकारियों को क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। निरीक्षण दल द्वारा मौके पर ही कई क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान कर गणना कार्य को और अधिक गति प्रदान की गई।

**नाम सुधार सूचना**

मै अपूर्व पाण्डेय पिता श्री राजीव पाण्डेय उम्र-27 साल निवासी सी-12 बीटीएल उद्योग बिहार चोरहटा 186 रीवा म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मैने एलआईसी की एक पालिसी ले रखी है जिसका पालिसी नं.375282516 है जिसमें मेरा घरेलू नाम विशु पाण्डेय दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम अपूर्व पाण्डेय है जो मेरे आधार कार्ड, बैंक खाता व शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है, अपूर्व पाण्डेय और विशु पाण्डेय दोनों नाम एक ही व्यक्ति के यानी मेरे ही हैं. अत: पालिसी में दर्ज नाम विशु पाण्डेय के स्थान पर सही नाम अपूर्व पाण्डेय किया जाए जो सत्य एवं सही है. यदि नाम से संबंधित कोई भी आपत्ति आती है जो समस्त जबाबदारी मेरी रहेगी.

**नाम सुधार सूचना**

**मै निशा पंजवानी पत्नी वकील तेजवानी पिता सतरामदास पंजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नं. 20 पुरुस्वानी मोहल्ला सिंधी कैम्प सतना तह. रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का होकर शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मै उपरोक्त पते की निवासी हूँ। मेरा विवाह वकील तेजवानी पिता हरिराम तेजवानी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुआ है, मै अपने पति के साथ पति के निवास स्थान वार्ड नं. 20 पुरुस्वानी मोहल्ला सिंधी कैम्प सतना मे निवास कर रही हूँ। मेरा नाम विवाह के पूर्व निशा पंजवानी पिता सतरामदास पंजवानी था अब मेरा विवाह हो चुका है विवाह के पश्चात मेरा नाम सोम्या तेजवानी (SOMYA TEJWANI) पत्नी वकील तेजवानी हो गया है। मेरा नाम निशा पंजवानी पिता सतरामदास पंजवानी की जगह नाम सोम्या तेजवानी (SOMYA TEJWANI) पत्नी वकील तेजवानी लिखा पढा वा माना जाये जो कि सही एवं सत्य है।**

भवदीयः
**निशा पंजवानी पत्नी वकील तेजवानी**

**न्यायालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- मऊगंज (म.प्र.)**

क्र./674/बिशेष विवाह/2026 मऊगंज दिनांक 18/02/2026

**// इस्तहार //**

आवेदक प्रवेश कुमार पाण्डेय पिता श्री रामप्रसाद पाण्डेय उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम खैरागढ़ करह पहाड़ी थाना शाहपुर तहसील नईगढी जिला मऊगंज (म0प्र0) एवं आवेदिका सुजाता साकेत पिता श्री रामलाल साकेत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरागढ़ करह पहाड़ी थाना शाहपुर तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, समग्र आइडी की छायाप्रति एवं 100/- चालान के साथ शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**पेशी दिनांक-22.05.2026**

**विवाह अधिकारी**
**जिला-मऊगंज (म.प्र.)**

**न्यायालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- मऊगंज (म.प्र.)**

क्र./669/बिशेष विवाह/2026 मऊगंज दिनांक 09/02/2026

**// इस्तहार //**

आवेदिका खुसबु साकेत पिता श्री पवन साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम डिहिया थाना व तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज (म0प्र0) एवं आवेदक ज्ञानेन्द्र साकेत पिता श्री सीताशरण साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टिकुरी 32 थाना गढ़ तहसील मनगंवा जिला रीवा (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, समग्र आइडी की छायाप्रति एवं 100/- चालान के साथ शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**पेशी दिनांक-22.05.2026**

**विवाह अधिकारी**
**जिला-मऊगंज (म.प्र.)**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल, जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)**

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304
EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांका / एन0आई0टी0/ ई-टेण्डर/2026/3488 शहडोल दिनाँक 24.04.2026

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वानिकी कार्यो में उपयोग हेतु सामग्री (Group-C) की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2026-27 में सामग्री प्रदाय हेतु एम0 पी0 ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा क्रमांक / 2026_MPFD_503085_1 है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| क्र. | सामग्री का नाम | इकाई | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | पकी हुई गोबरखाद | प्रति घ.मी. | आवश्यकतानुसार |
| 2 | उपजाऊ मिट्टी | प्रति घ.मी. | आवश्यकतानुसार |
| 3 | नीम खली | प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |
| 4 | दीमक रोधी क्लोरपाईरीफॉस | प्रति लीटर | आवश्यकतानुसार |
| 5 | ब्लैक जापान | प्रति लीटर | आवश्यकतानुसार |
| 6 | बोन मील / हड्डी चूरा | प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |
| 7 | वर्मीकम्पोस्ट | प्रति कि.ग्रा. | आवश्यकतानुसार |
| 8 | M Sand (Manufactured sand) | प्रति घ.मी. | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 27/04/2026 Time 10.00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 27/04/2026 Time 10.00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 01/05/2026Time 13.00 PM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 27/04/2026 Time 10.00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 18/05/2026 Time 05.00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 20/05/2026 Time 10.00 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

(श्रद्धा पन्द्रे)
**वन मण्डलाधिकारी**
**दक्षिण शहडोल वनमण्डल**

G-12527/26

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)**

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/ई-टेण्डर/2025/3607 शहडोल दिनॉक 30.04.2026

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यशालाओं / प्रशिक्षण स्थलों / कर्यक्रमों में खाद्य सामग्री, टेंट एवं प्रचार प्रसार सामग्री लगाने हेतु https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा क्रमांक / 2026_MPFD_504400_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| क्र. | सामग्री | सामग्री विवरण | मात्रा ।ईकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | नास्ता | चाय कॉफी / | प्रति व्यक्ति |
| 2 | | बिस्किट स्नेक समोसा / लड्डू समोसा / केला पोहा, जलेबी / मय 500 एमएल पॉनी बॉटल | प्रति व्यक्ति |
| 3 | | 6 पूड़ीसब्जी- आचार मय 500 एमएल पॉनी बॉटल | प्रति व्यक्ति |
| 4 | साधारण थाली | दाल चावल, सब्जी सूखी, ग्रेवी सब्जी, रोटी प्लेन / पराठा पूड़ी मेथी। पूड़ी प्लेन, मीठा हलवा ।खीर ।रसगुल्ला/ गुलाब जामुन, सलाद, अचार, पानी की बॉटल 1000 एम एम | प्रति व्यक्ति |
| 5 | स्पेशल थाली | दही बड़ा, सब्जी मिक्स वेज, पनीर ग्रेवी सब्जी सूखी सब्जी, चपाती प्लेन चपाती। नान। बटर नान / मक्के की रोटी / ज्वार रोटी प्लेन पूड़ी मेथी पराठा, दाल-चावल / वेज पुलाव, बूंदी रायता प्लेन रायता ।वेजीटेबल रायता, मीठा गुलाब जामुन रसगुल्ला खीर / हलवा, 05 तरह के मिक्स सलाद, आचार, पानी की बाटल 1000 एम एल । | प्रति व्यक्ति |
| 6 | टेंट व्यवस्था | 100 व्यक्ति हेतु सभा में साउण्ड, माइक अन्य उपकरण सहित स्थल में लगा कर किराया<br>टेट पंडाल साधारण प्रति दिवस दर प्रति वर्ग फिट में | प्रति दिवस<br>प्रति वर्ग फिट |
| 8 | | टेंट पंडाल वॉटर प्रूफ प्रति दिवस दर प्रति वर्ग फिट में | प्रति वर्ग फिट |
| 9 | | कुर्सी किराया सहित स्थल तक पहुंचाकर किराया प्रति दिन | प्रति दिवस |
| 10 | | टेबिल मय टेबिल कवर किराया सहित स्थल तक पहुंचाकर किराया प्रति दिन | प्रति दिवस |
| 11 | | बैठक हेतु मैट प्रति दिवस किराया प्रति वर्ग मीटर | प्रति वर्ग मीटर |
| 12 | प्रचार प्रसार एवं फोटोग्राफी | फ्लैक्श बैनर मय डिजायन सहित | प्रति वर्ग फीट |
| 13 | | सेल्फी स्टैंड | प्रति घण्टा |
| 14 | | प्रोजेक्टर मय स्क्रीन किराया | प्रति घण्टा |
| 15 | | फोटोग्राफी हार्ड कॉपी | प्रति फोटो |
| 16 | | फोटोग्राफी सॉफ्ट कॉपी | प्रति फोटो |
| 17 | | वीडियों ग्राफी मय पेड ड्राईव सहित | प्रति मिनट |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 01/05/2026 Time 10.00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 01/05/2026Time 10.00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date 05/05/2026 Time 01.00 PM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 01/05/2026Time10.00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 21/05/2026Time 02.00 PM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 22/05/2026Time02.10 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

(श्रद्धा पन्द्रे)
**वन मण्डलाधिकारी**
**दक्षिण शहडोल वनमण्डल**

G-12524/26